# बिहार विधान परिषद

(203 बजट सत्र)

## 28 मार्च 2023

----

[ऊर्जा - उद्योग - स्वास्थ्य - अल्पसंख्यक कल्याण - गन्ना उद्योग - संसदीय कार्य - विधि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ].

कुल प्रश्न 32

----

### कौशल विकास कार्यशाला खोलने का विचार

*413 **श्री बिनोद कुमार जयसवाल (स्थानीय प्राधिकार, सीवान):**

क्या मंत्री, **उद्योग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि उद्योग विभाग के द्वारा कौशल विकास कार्यशाला स्थापित नहीं की गयी है;

(ख) क्या यह सही है कि सिवान जिला के उद्योग विभाग के द्वारा कौशल विकास कार्यशाला खोलने की आवश्यकता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सिवान जिला में उद्योग विभाग के द्वारा कौशल विकास कार्यशाला खोलने हेतु विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण

*491 **श्री महेश्वर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चंपारण, मोतिहारी जिले के मुख्यालय के निकटतम

प्रखंड पिपराकोठी में भूमि मिलने के बावजूद आजतक हाईटेक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण नहीं हो सका है, जबकि इस केंद्र को आधुनिक स्वास्थ्य उपकरणों से लैस किए जाने की घोषणा की गई थी;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो अबतक इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है और कबतक सरकार हाईटेक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण करा देगी, यदि नहीं तो क्यों?

----

## क्षतिग्रस्त रोड की मरम्मती

*492 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या मंत्री, **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि नगर परिषद्, लखीसराय अंतर्गत कुल 11 वार्डों (3 से लेकर 12 एवं 33) में क्रियान्वित मुख्यमंत्री शहरी पेयजल निश्चय योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है? इस योजना के तहत न तो पेयजल की सुविधा प्रदान की गई है और न ही क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मती करवायी गयी है जबकि कागज पर कार्य को पूर्ण दिखलाया गया है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार भ्रष्टाचार को संरक्षण देने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई कर पेयजल की आपूर्ति करवाते हुए क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## सूची उपलब्ध कबतक

*493 **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या मंत्री, **उद्योग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि खेती-किसानी एवं पशुपालन से जुड़े कई स्टार्टअप को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराकर काम शुरू कराया गया है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उद्योग विभाग द्वारा कृषि एवं पशुपालन से जुड़े कितने स्टार्टअप शुरू किए गए एवं उन्हें कितनी आर्थिक सहायता देकर काम शुरू कराया गया है उसकी सूची उपलब्ध कराना चाहती है?

----

## स्टॉफ एवं औषधि कबतक

***494 श्री राजीव कुमार (बेगूसराय स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि खगडि़या जिलान्तर्गत अलौली प्रखंड के मेघौना पंचायत में अतिरिक्त उप स्वास्थ्य केन्द्र, मेघौना अवस्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि दो साल पूर्व उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का अपना भवन निर्मित हो गया है;

(ग) क्या यह सही है कि भवन निर्माण हो जाने के बाद उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में अभी तक चिकित्सक, नर्स, जीवनरक्षक औषधि की व्यवस्था नहीं की गई है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अतिरिक्त उप स्वास्थ्य केन्द्र, मेघौना में चिकित्सक, नर्स, जीवनरक्षक औषधि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## ऋण उपलब्ध कब तक

***495 श्री घनश्याम ठाकुर (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **उद्योग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के अंतर्गत नए उद्योगों की स्थापना के लिए दस लाख रुपये की निवेश प्रोत्साहन राशि दी जाती है जिसमें स्वीकृत राशि का 50 प्रतिशत, अधिकतम पांच लाख रुपए विशेष प्रोत्साहन योजनांतर्गत अनुदान/ सब्सिडी के रूप में दिए जाते हैं;

(ख) क्या यह सही है कि जिला- मधुबनी, प्रखंड- राजनगर, पंचायत- कैथाही, ग्राम- जंघेला निवासी, रोशन कुमार महतो, s/o गुणानंद महतो, जिनका एपलीकेशन नम्बर – CMEBC20228825346769 है और इस योजना के अंतर्गत सरकार के सभी मापदंडों को पूरा करने के बाद भी इनको ऋण उपलबध नहीं हो पा रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जिला- मधुबनी, प्रखंड- राजनगर, पंचायत- कैथाही, ग्राम- जंघेला निवासी रोशन कुमार महतो, s/o गुणानंद महतो को मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के अंतर्गत ऋण उपलब्ध कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## बेरोजगारों को ऋण

***496 श्री जनक राम (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **उद्योग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार उद्यमिता के लिए अनु.जाति/ जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग एवं अन्य वर्गों के बेरोजगारों को 10 लाख रुपये ऋण उपलब्ध कराये जाने की योजना है;

(ख) क्या यह सही है कि बैंक के द्वारा बहुत से आवेदकों को चयनित होने के बाद भी ऋण उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सक्षम चयनित बेरोजगार आवेदकों को ऋण देने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## विकसित करने का विचार

***497 श्री बिनोद कुमार जयसवाल (स्थानीय प्राधिकार, सीवान):**

क्या मंत्री, **उद्योग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि सिवान जिला में रेशम उद्योग के लिए फरीदपुर की चिन्हित जगह को विकसित करने की सरकार की योजना है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सिवान जिला में रेशम उद्योग के लिए फरीदपुर की चिन्हित जगह को विकसित करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## भवन की मरम्मती

***498 श्री भूषण कुमार (वैशाली स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि वैशाली जिला अंतर्गत भगवानपुर प्रखंड की मियां बैरो पंचायत में प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र में 2 (दो) कमरे हैं, जो जर्जर स्थिति में हैं;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पंचायत की जनसंख्या लगभग 10,000 (दस हजार) है और उस उप स्वास्थ्य केंद्र पर 2 डॉक्टर प्रतिनियुक्त हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त उप स्वास्थ्य केंद्र के जर्जर भवन की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पंजीकरण कबतक

***499 प्रो. (डा.) वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

क्या मंत्री, **विधि** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिला के तरैया प्रखण्ड स्थित गुरु चरण दास वैरागी चेला (मठ) डेवढ़ी खतियान में दर्ज है;

(ख) क्या यह सही है कि इसका धार्मिक न्यास बोर्ड में पंजीकरण नहीं हुआ है;

(ग) क्या यह सही है कि मठ की जमीन पर ग्रामीणों द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क', 'ख' एवं 'ग' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो कबतक इस मठ की जमीन का धार्मिक न्यास बोर्ड में पंजीकरण होगा?

----

## स्थायी बहाली कब तक

***500 श्री कुमार नागेन्द्र (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल ):**

क्या मंत्री, **विधि** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि विधि विभाग के अंतर्गत बोर्ड/पर्षद में काफी पद रिक्त पड़े हैं;

(ख) क्या यह सही है कि धार्मिक न्यास पर्षद, पटना में भी कई कर्मचारियों के पद रिक्त हैं, जिस कारण वहां कार्यरत कर्मचारियों पर कार्य का अत्यधिक बोझ है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शीघ्र इन पदों पर स्थायी बहाली करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## चीनी मिल स्थापित करने पर विचार

***501 डा. समीर कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **गन्ना उद्योग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत तारापुर एवं खड़गपुर अनुमंडल में पूर्व में हजारों हेक्टेयर में गन्ना की खेती होती थी;

(ख) क्या यह सही है कि गन्ना की खेती से किसानों को काफी लाभ होता था;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूर्व की भांति किसानों को प्रोत्साहित करने हेतु गन्ना की खेती कराने एवं चीनी मिल स्थापित करने का विचार रखती है ताकि हजारों युवाओं को रोजगार का अवसर भी प्राप्त हो सके ?

----

## दोषियों पर कार्रवाई

***502 मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि निदेशालय स्वास्थ्य सेवायें, बिहार पटना के पत्र सं०- 1199(4), दिनांक- 11.08.2022 के द्वारा माह जून, 2022 में तत्कालीन सिविल सर्जन, पटना के द्वारा किये गये स्थानांतरण की जांच हेतु जांच कमिटी का गठन किया गया था जिसे एक सप्ताह के अंदर जांच प्रतिवेदन सौंपने का आदेश था;

(ख) क्या यह सही है कि जांच समिति के पत्रांक- 160, दिनांक- 05.12.2022 के द्वारा उक्त आदेश के आलोक में जांच प्रतिवेदन समर्पित कर दिया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि जांच पदाधिकारियों के द्वारा तत्कालीन सिविल सर्जन, पटना द्वारा किये गये जून, 2022 में सभी संवर्ग के स्थानांतरण को अनियमित एवं दोषपूर्ण कराकर कर दिया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अनियमित एवं दोषपूर्ण स्थानांतरण को रद्द करते हुए दोषी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## ठोस कार्रवाई कब तक

***503 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत कई निजी अस्पताल बिना मानक के संचालित हैं, जिसमें पंडौल प्रखंड के पंडौल में संस्कृत हाई स्कूल के नजदीक आर.पी.एस. ग्लोबल हॉस्पिटल भी है;

(ख) क्या यह सही है कि आर.पी.एस. ग्लोबल हॉस्पिटल में कई बार गरीब और भोली-भाली जनता की चिकित्सा के नाम पर भर्ती कर ठगी की जा रही है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त अस्पताल में चिकित्सा बिना पूरी किए ही पैसा ऐंठ कर प्रताडि़त करते हुए भगा दिया जाता है, इस तरह की घटना विगत माह भी श्री शक्ति नाथ झा, रोगी, ग्राम- हरड़ी, ब्लॉक अंधराठाढ़ी, जिला- मधुबनी के साथ भी हुई है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस तरह के हॉस्पिटल के विरुद्ध ठोस कार्रवाई करना चाहती है?

----

## पाइप लाइन एवं नल की मरम्मती

*504 **श्रीमती अम्बिका गुलाब यादव (मधुबनी स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के नगर परिषद्, झंझारपुर के वार्ड नं०- 12 एवं 13 का जलापूर्ति कार्यान्वयन बुडको द्वारा कराया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त जलापूर्ति में पाइप लाइन नल की मरम्मती नहीं करने से वहां के निवासियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ग) क्या यह सही है कि रख-रखाव की जिम्मेवारी भी बुडको को ही दी गई है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पाइप लाइन एवं नल की मरम्मती यथाशीघ्र करवाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## साइट पर अपलोड कब तक

*505 **प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि बिहार में दवा दुकानों का लाइसेंस एक्स.एल.एन., बिहार की साइट के माध्यम से निर्गत किया जाता हैं;

(ख) क्या यह सही है कि बिहार के सभी जिलों का एक्स.एल.एन. साइट पर निलम्बन एवं रद्दीकरण आदेश अपलोड करने का प्रावधान है;

(ग) क्या यह सही है कि एक्स.एल.एन. साइट पर सिर्फ पश्चिम चम्पारण जिला का लाइसेंस रद्दीकरण एवं निलम्बन आदेश अपलोड किया गया है, अन्य जिला द्वारा अपलोड नहीं किया जाता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के सभी जिलों का लाइसेंस रद्दीकरण एवं निलम्बन आदेश को एक्स.एल.एन. साइट पर अपलोड करने का आदेश देना चाहती है, नहीं तो क्यों?

----

## दंत चिकित्सकों को सुविधा

*506 **श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में दंत चिकित्सा सुविधा हेतु माननीय मुख्यमंत्री द्वारा राज्य के कई जिलों में दंत चिकित्सा कॉलेज की स्थापना की जा रही है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य में दंत चिकित्सा सेवा संवर्ग की सभी सेवा शर्तों, जिसमें नियुक्ति प्रक्रिया, DACP का लाभ, पदस्थापना आदि की नियमावली, बिहार स्वास्थ्य सेवा के अनुरूप नहीं दी जा रही है;

(ग) क्या यह सही है कि राज्य के दंत चिकित्सकों को सामान्य चिकित्सक एवं आयुष चिकित्सकों की भांति केन्द्रीय वेतनमान एवं सेवानिवृत्ति की अवधि उनके समतुल्य देय नहीं है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के दंत चिकित्सकों को सामान्य चिकित्सक सेवा शर्त की समतुल्य नियुक्ति प्रक्रिया, DACP का लाभ, पदस्थापना तथा केन्द्रीय वेतनमान एवं सेवानिवृत्ति की अवधि देना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## फीस वापस एवं स्टाइपेंड दिए जाने का विचार

***507 श्रीमती रीना देवी (स्थानीय प्राधिकार, नालन्दा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग, नई दिल्ली के दिशा-निर्देशों ज्ञापांक- U.15024/4/2022-UGMEB/ दिनांक- 04.03.2022 एवं तत्संबंधी अनुस्मारक ज्ञापांक- U.15024/01/2022-UGMEB/ दिनांक- 19.05.2022 के अनुसार बिहार राज्य में इंटर्नशिप करने वाले फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट को स्टाइपेंड दिया जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि बिहार के मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग, नई दिल्ली के उक्त दिशा-निर्देशों के लागू होने के बाद भी इंटर्नशिप फीस ली गई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट को इंटर्नशिप फीस वापस करने एवं स्टाइपेंड दिये जाने का विचार रखती है, यदि नहीं तो क्यों?

----

## स्थानांतरण कब तक

***508 श्री अनिल कुमार (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि जिला स्वास्थ्य समिति, पटना के अधीन 18 बी० एम० एन० ई० (प्रखंड अनुश्रवण एवं मूल्यांकन सहायक) डाटा ऑपरेटर एक ही संस्थान में आठ-आठ वर्षों से पदस्थापित हैं, पटना जिला के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एन० आर० एच० एम० के तहत कार्यरत सभी कर्मियों यथा प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक, प्रखण्ड

लेखापाल, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक, सबों का तीन वर्षों से अधिक होने के पश्चात् 2019 में स्थानान्तरण किया गया, परन्तु एन० आर० एच० एम० में कार्यरत बी० एम० एन० ई० (प्रखंड अनुश्रवण एवं मूल्यांकन सहायक, डाटा ऑपरेटर), जिनकी पदस्थापना वर्ष 2014 में हुई थी, आज भी आठ वर्षों से अधिक एक ही प्रखण्ड में क्यों पदस्थापित हैं, उनका स्थानान्तरण क्यों नहीं किया जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि आठ-आठ वर्षों से एक ही संस्थान में पदस्थापित रहने के कारण कार्य की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आठ-आठ वर्षों से पदस्थापित उक्त बी० एम० एन० ई० (प्रखंड अनुश्रवण एवं मूल्यांकन सहायक, डाटा ऑपरेटर) का अन्यत्र स्थानान्तरण करने का विचार रखती है, हां तो कबतक?

----

## अल्ट्रासाउंड मशीन ठीक कब तक

*509 **श्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार के अधिकांश मरीज पी०एम०सी०एच० में इलाज कराने आते हैं;

(ख) क्या यह सही है कि पी०एम०सी०एच० की अधिकांश अल्ट्रासाउण्ड मशीनें खराब अवस्था में हैं;

(ग) क्या यह सही है कि पी०एम०सी०एच० की जो अल्ट्रासाउण्ड मशीन चालू अवस्था में हैं, उनमें 1-2 माह का समय दिया जा रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बताएगी कि पी०एम०सी०एच० की सभी अल्ट्रासाउण्ड मशीनों को वह ठीक कराएगी, यदि हां तो कबतक?

----

## समस्या का समाधन

*510 **श्री महेश्वर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों के बिजली फीडर हर दिन दो से अधिक बार बंद हो रहे हैं, जबकि शहरी फीडर रोज एक से अधिक बार बंद हो रहे हैं जिसके कारण बिजली गुल होने में बिहार राष्ट्रीय औसत से काफी आगे है;

(ख) क्या यह सही है कि फीडर बंद होने पर कई स्थानों पर पूरे प्रखंड की बिजली

गुल हो जाती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार तकनीकी कारणों से बंद होने वाले फीडरों की समस्या का समाधान कबतक करने का विचार रखती है, यदि नहीं तो क्यों?

----

## कार्य योजना से अवगत कबतक

***511 श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की तर्ज पर बिहार में मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ योजना को अप्रैल 2022 में ही कैबिनेट की स्वीकृति दी गई थी, जिसे 2022-23 से 2026-27 तक चरणबद्ध तरीके से लागू करना था;

(ख) क्या यह सही है कि इस योजना में वैसे परिवारों को लाभ दिया जाएगा जो खाद्य सुरक्षा के दायरे में आते हैं और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ योजना प्रारंभ किए जाने हेतु बनाई गई कार्य योजना से सदन को अवगत कराना चाहती है?

----

## आदेश यथावत कबतक

***512 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, दानापुर एवं आमजनों द्वारा स्वास्थ्य प्रबंधक, दानापुर के खिलाफ दिये गये पत्रों पर जिलाधिकारी, पटना के अनुमोदनोपरांत दो-दो स्वास्थ्य प्रबंधकों का जिला स्वास्थ्य समिति, पटना के ज्ञापांक- 190, दिनांक- 27.01.2023 द्वारा स्थानांतरण किया गया था;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त स्वास्थ्य प्रबंधकों द्वारा पैसा और पैरवी की बदौलत उच्चाधिकारी के आदेश की अवहेलना करते हुए आदेश को रद्द करवा दिया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में जिला स्वास्थ्य समिति, पटना के ज्ञापांक- 190, दिनांक- 27.01.2023 को यथावत रखना चाहती है, नहीं तो क्यों?

----

## बकाया राशि का भुगतान कब तक

*513 **श्री जनक राम (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **गन्ना उद्योग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिला अंतर्गत हथुआ/मीरगंज एवं सासामुसा में चीनी मिल बंद पड़ी हुई है जिसमें हजारों किसानों की बकाया राशि लगभग 50 करोड़ रुपए है, जिसके कारण किसानों को आर्थिक तंगी है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार किसानों की बकाया राशि का भुगतान कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## अस्पताल आरंभ करने का विचार कब तक

*514 **श्री राजीव कुमार (बेगूसराय स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिला के मटिहानी प्रखंड की मनिअप्पा ग्राम पंचायत में रेडक्रॉस अस्पताल का उद्घाटन 1981 में महामहिम राज्यपाल ए.आर. किदवई के द्वारा किया गया था;

(ख) क्या यह सही है कि मटिहानी प्रखंड की पंचायत तथा आस-पास के प्रखंडों के मरीजों के लिए रेडक्रॉस अस्पताल वरदान था;

(ग) क्या यह सही है कि 2016 के बाद अस्पताल भवन जीर्ण-शीर्ण होने तथा चिकित्सकों की कमी एवं दवाइयों की आपूर्ति बंद होने के कारण बंद होने के कगार पर है;

(घ) क्या यह सही है कि अस्पताल के लिए मनिअप्पा ग्राम में 2 एकड़ भूमि पर चहारदीवारी के साथ भवन निर्मित है;

(ङ.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मनिअप्पा ग्राम की 2 एकड़ भूमि पर पुनः रेडक्रॉस अस्पताल को आरंभ करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## उद्योग स्थापित कब तक

*515 **डा. समीर कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **उद्योग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत जमालपुर नगरपालिका में बियाडा की साढ़े ग्यारह एकड़ जमीन खाली पड़ी है;

(ख) क्या यह सही है कि बन्दोबस्त लीजधारी बियाडा के शर्तों की अनुरूप नहीं है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विभाग की जमीन पर जमालपुर कारखाने में आपूर्ति होने वाले उपकरण के लिए उद्योग स्थापित करना चाहती है ताकि हजारों युवाओं को रोजगार मिल सके, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## प्रतिनियुक्ति कब तक

*516 **प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि लिपिक, जिला संवर्ग में हैं एवं उनकी पदस्थापना प्रतिनियुक्ति जिला में तीन वर्षों के लिए करने का प्रावधान है;

(ख) क्या यह सही है कि क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं, पटना प्रमंडल, पटना के ज्ञापांक- 855, दिनांक- 29.08.2020 द्वारा अभय कुमार सिंह, लिपिक, कार्यालय, पटना महिला स्कूल, चिकित्सा पदाधिकारी, पटना की सहायक औषधि नियंत्रक, पटना में प्रतिनियुक्ति की गयी परन्तु इसके पूर्व भी वे इसी कार्यालय में बीस वर्षों से प्रतिनियुक्त हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो श्री सिंह को बार-बार एक ही कार्यालय में प्रतिनियुक्त करने का क्या औचित्य है, प्रतिनियुक्ति रद्द कर क्या सरकार निगरानी विभाग से जांच कराना चाहती है, नहीं तो क्यों?

----

## भवन एवं डॉक्टर कब तक

*517 **श्रीमती अम्बिका गुलाब यादव (मधुबनी स्थानीय प्राधिकार):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बिस्फी प्रखंड के उप स्वास्थ्य केन्द्रों में भवन एवं डॉक्टरों की बहाली नहीं होने के कारण इस प्रखंड के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा से वंचित रहना पड़ता है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार बिस्फी से उप स्वास्थ्य केन्द्रों में भवन का निर्माण एवं डॉक्टर की बहाली कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## वेतन पुनरीक्षण का लाभ

***518 मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **उद्योग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि बिहार राज्य वित्तीय निगम के निदेशक मंडल द्वारा वर्ष 2019 में लिए गए निर्णय के अनुसार राज्य सरकार के कर्मियों की भांति निगम के कर्मियों को भी 01.01.2006 की तिथि से छठे वेतन के पुनरीक्षण का लाभ मिलेगा एवं राज्य सरकार के अनुमोदन के उपरांत आंतरिक संसाधन से इनका भुगतान किया जाएगा, परंतु अबतक कर्मियों को छठे वेतनमान का पुनरीक्षण का लाभ नहीं दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि अब तक राज्य सरकार द्वारा इस पर औपचारिक स्वीकृति नहीं दी गई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिहार राज्य वित्तीय निगम के कर्मियों को भी राज्य सरकार के कर्मियों की भांति छठे वेतनमान के पुनरीक्षण का लाभ देते हुए सभी बकाए का भुगतान करना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## तार हटाने की कार्रवाई कब तक

***519 श्री भूषण कुमार (वैशाली स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि वैशाली जिले के गोरौल प्रखंड अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय सोन्धो कहरटोली के ऊपर से 11000 (ग्यारह हजार) वोल्ट पावर का बिजली का तार गुजर रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त विद्यालय में लगभग 400 बच्चे पढ़ते हैं और बिजली का तार दो बार टूटकर विद्यालय पर गिर चुका है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त तार को शिफ्ट करने के लिए प्रधानाध्यापक एवं ग्रामीणों द्वारा विद्युत कार्यपालक अभियंता के पास आवेदन दिया गया था;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालय के ऊपर से गुजर रहे तार को हटवाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## अन्यत्र स्थानांतरण कब तक

***520 श्रीमती रीना देवी (स्थानीय प्राधिकार, नालन्दा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि डॉ० रामनरेश चौधरी, अनुमंडलीय अस्पताल, फुलपरास जिला – मधुबनी में वर्ष 2000 से पदस्थापित हैं तथा वर्तमान में उपाधीक्षक पद पर कार्यरत हैं;

(ख) क्या यह सही है कि श्री बैजू कृष्ण भारती, प्रधान लिपिक के पद पर वर्ष 2016 से अनुमंडलीय अस्पताल, फुलपरास, मधुबनी में कार्यरत हैं तथा उनका मूल प्रखंड भी फुलपरास है जिसके कारण वे अपने प्रभाव से कर्मियों एवं आम जनों को परेशान करते हैं;

(ग) क्या यह सही है कि सरकारी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को एक स्थान पर अधिकतम तीन वर्षों तक पदस्थापित किया जा सकता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 22 वर्षों से एक ही स्थान पर कार्यरत डॉ० रामनरेश चौधरी एवं 7 वर्षों से कार्यरत प्रधान लिपिक, श्री बैजू कृष्ण भारती को अन्यत्र स्थानांतरित करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## कार्रवाई कब तक

*521 **श्री अनिल कुमार (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं, पटना प्रमंडल के ज्ञापांक- 149, दिनांक- 07.02.2023 द्वारा वित्तीय अनियमितता में संलग्न जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, पटना, डॉ० एस० पी० विनायक पर कार्रवाई का अनुरोध सरकार से किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा अब तक उनपर कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त आरापों में कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक?

----